(d) reasons therefor?

THE MINISTER OF WORKS AND HOUSING AND SUPPLY AND REHABILITATION (SHRI SIKANDAR BAKHT) (a) No, Sir. Howevr 23 semi-pucca houses were demoliwhed in Mahendra Enclave on G.T. Road on 25th February, 1978.

(b) Yes, Sir.

(c) 364 houses were demolished, 341 by M.C.D. and 23 by D.D.A.

(d) Government had decided to regularise various unauthorised colonies in Delhi on terms and conditions contained in letter dated 16-2-1977 [copy placed in Lib7rry. See No. LT 2004/78] According to para 4 of the letter, further nauthrised constructions are not to be permitted.

### कोसी परियोजना के लिए बिहार को दी गई राशि

5297. **श्री हुकम देव नारायण यादव :** क्या **कृषि और सिंचाई** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) कोसी परियोजना के लिए बिहार सरकार को केन्द्रीय सरकार ने अब तक कितनी राशि दी है और उसके मूल प्राक्कलन क्या थे और उसके संशोधित प्राक्कलन क्या है. उससे अब तक कितनी भूमि की सिंचाई हो रही है और पश्चिम सिंचाई नहर का निर्माण कब तक पूरा हो जायेगा ; और

(ख) क्या सरकार का विचार बिहार सरकार को ऐसा निदेश देने का है कि केन्द्रीय सरकार द्वारा दिया गया धन केवल नहर के निर्माण में ही लगाया जाये और रिहायशी मकानों आदि पर खर्च न किया जाये और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है ?

**कृषि और सिंचाई मंत्री (श्री सुरजीत सिंह बरनाला) :** (क) कोसी परियोजना, जो मूलत: सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण परियोजना के रूप में तैयार की गई थी। 44.76 करोड़ रुपये की लागत पर 1958 में स्वीकृति की गई थी। बाद में इस परियोजना से 2.79 करोड़ रुपये की लागत पर विद्युत-लाभ प्राप्त करना परिकल्पित कर लिया गया था। बिहार सरकार द्वारा 1976 में प्रस्तुत किए गए परियोजना के सिंचाई और बाढ़-नियंत्रण के लिए संशोधित अनुमान 191.68 करोड़ रुपये है। 4.34 लाख हेक्टेयर को अन्तत: सिंचाई शक्यता की तुलना में 1977–78 के अन्त तक सूचित की जाने वाली संभावित सिंचाई शक्यता 3.29 लाख हैक्टेयर है. और 1.74 लाख हैकटयर में सिंचाई हो रही है। पश्चिम कोसी नहर का निर्माण जून 1980 तक पूरा हो जाने की आशा है। पश्चिमी कोसी परियोजना से नेपाल को लाभ पहुंचने वाले कार्यों के लिए बिहार सरकार को मार्च, 1978 तक 14.80 करोड़ रुपये ऋण और 1.54 करोड़ रुपये का सहायता अनुदान दिया गया है।

(ख) भारत सरकार द्वारा पश्चिम कोसी नहर के निर्माण के लिए बिहार सरकार 1978-79 के दौरान दिए जाने वाले 550 लाख रुपये के प्रस्तावित ऋण और सहायता अनुदान की तुलना में बिल्डिगों के निर्माण पर प्रस्तावित व्यय केवल 6 लाख रुपये है चूंकि बिल्डिगों के निर्माण पर व्यय की जाने वाली प्रस्तावित राशि, कुल प्रावधान का 1 प्रतिशत ही है इसलिए यह आवश्यक नहीं समझा गया है कि राज्य सरकार को इस बारे में कोई निर्देश दिया जाए।

### तिलहनों का उत्पादन

5298. **श्री राम सेवक हजारी :** क्या **कृषि और सिंचाई** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1977–78 में मूंगफली सहित तिलहनों का कुल कितना उत्पादन हुआ;

(ख) खाद्य तेलों की मांग को पूरा करने के लिए यह कहां तक पर्याप्त है; और

(ग) कमी को दूर करने तथा मूल्यों को नियंत्रित करने के लिए क्या प्रयत्न किये जा रहे हैं ?

**कृषि और सिंचाई मंत्री (श्री सुरजीत सिंह बरनाला) :**

(क) 1977-78 के दौरान तिलहन के उत्पादन के अन्तिम अनुमान कृषि वर्ष की समाप्ति के बाद, यानि कि जुलाई-अगस्त, 1978 के आसपास, उपलब्ध हो सकेंगे। उपलब्ध रिपोर्टों के अनुसार, 1976-77 की तुलना में 1977-78 के दौरान तिलहनों के उत्पादन में पर्याप्त सुधार होने की संभावना है।

(ख) आनुमानिक आपूर्ति में प्रक्षेपित मांग की तुलना में 9.5 लाख मीटरी टनों की कमी की संभावना है।

(ग) कमी को दूर करने व दामों को बांधे रखने के लिए सरकार द्वारा निम्नलिखित कदम उठाए गए हैं :--

(1) कमी को पूरा करने के लिए तेलों की आवश्यक मात्रा का आयात;

(2) आयातित तेलों से संशोधित तोरिया के तेल का अधिकतम 7.50 रुपए प्रति कि० ग्राम की कीमत पर सार्वजनिक वितरण द्वारा बिक्री;

(3) वनस्पति उद्योग की उनकी तेल आवश्यकताओं के 75 प्रतिशत तक आयातित तेल की सप्लाई;

(4) एच पी एस मूंगफलियों के निर्यात पर प्रतिबंध को जारी रखना;

(5) खाद्य तेलों व तिलहनों का निर्बाध अंतर्राज्यीय संचलन व बिक्री;

(6) खाद्य तेलों व तिलहनों के व्यापारियों और कमीशन एजेंटों की स्टाक सीमाओं का निर्धारण;

(7) नियन्त्रित मुद्रा एवं ऋण-नीति।

**Amendment to Plantation Labour Act sought by Kerala Government**

5299. SHRI K. A. RAJAN : Will the Minister of WORKS AND HOUSING AND SUPPLY AND REHABILITATION be pleased to state:

(a) whether Government have been requested by Kerala State Government to make suitable amendments to the Plantation Labour Act to enable the plantation workers who have been provided with land in or near the plantation, to construct houses of their own; and

(b) if so, the details and Government's reaction thereto?

THE MINISTER OF WORKS AND HOUSING AND SUPPLY AND REHABILITATION (SHRI SIKANDAR BAKHT) : (a) No, Sir. However, a proposal was received from the Government of Kerala, for grant of financial assistance for construction of houses to plantation workers who have been provided with land in or near the plantation. The state Government were advised that such workers may be allowed to form Housing Cooperative Societies and avail themselves of financial assistance for construction of their houses as provided under the Subsidised Housing Scheme for Plantation Workers.

(b) Does not arise.

**गुजरात में गांवों को जोड़ने के लिए सड़कों के निर्माण की योजना**

5300. **श्री धर्म सिंह भाई पटेल :** क्या **कृषि और सिंचाई** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या 1500 से अधिक की आबादी वाले गांवों को जोड़ने के लिए सड़कों